शुक्रवार 25 अगस्त, 2023

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज




तेजस्वी यादव ने केंद्र से की बिहार के लिए एक्सप्रेस-वे की मांग 2



ब्रिक्स देशों के समूह में शामिल हुए छह और देश, पीएम मोदी बोले...

# नए सदस्यों के शामिल होने से मिलेगी नई ऊर्जा व दिशा

- अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के शामिल होने से मजबूत होगा संगठन
- एक जनवरी, 2024 से ब्रिक्स में शामिल होंगे और नए सदस्य देश, बढ़ेगा दायरा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

ब्रिक्स देशों के समूह में गुरुवार को छह और देश शामिल हो गए हैं। ये देश अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं। 2010 के बाद यह पहला मौका है जब ब्रिक्स में किसी देश को शामिल किया गया हो। इससे पहले साउथ अफ्रीका को ब्रिक्स के पांचवें सदस्य के रूप में ग्रुप में शमिल किया गया था। ब्रिक्स में नए सदस्य को जगह देने के फैसले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समूह का आधुनिकीकरण और विस्तार होना, यह संदेश देता है कि सभी वैश्विक संस्थानों को वक्त के साथ खुद को बदलने की जरूरत है। बताया जाता है कि जोहानिसबर्ग में ब्रिक्स नेताओं के साथ एक मीडिया ब्रीफिंग में मोदी ने कहा कि अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को नए सदस्यों के रूप में शामिल करने से समूह को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

**विचार-विमर्श से कई सकारात्मक नतीजे निकले :** मोदी ने कहा कि समूह के विस्तार करने का फैसला मल्टीपोलर दुनिया में कई देशों के विश्वास को और मजबूत करेगा। भारत ने हमेशा ब्रिक्स के विस्तार का समर्थन किया है। हमारा मानना है कि नए सदस्यों के जुड़ने से समूह और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि तीन दिनों के विचार-विमर्श से कई सकारात्मक नतीजे निकले। मुझे विश्वास है कि हम समूह के नए सदस्य देशों के साथ काम करके ब्रिक्स को नई गतिशीलता देने में सक्षम होंगे। नए ब्रिक्स सदस्यों के रूप में शामिल किए गए देशों का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इन सभी के साथ भारत के बहुत गहरे और ऐतिहासिक संबंध रहे हैं। वहीं, इससे पहले साउथ अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में तीन दिवसीय ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने पांच देशों के समूह के विस्तार पर निर्णय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि नए सदस्य देश 1 जनवरी 2024 से ब्रिक्स का हिस्सा बन जाएंगे।




## आधिपत्य या दबदबा बनाना मेरे डीएनए में नहीं

**नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति ने पहली बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने ऊपर लगते अधिपत्यवाद के आरोपों पर जवाब दिया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि आधिपत्य या दबदबा बनाना मेरे डीएनए में नहीं है। दरअसल, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की शुरूआत में हुए बिजनेस फोरम के बैठक में चीन के राष्ट्रपति ने खुद अपना भाषण नहीं दिया बल्कि उनकी तरफ से एक बयान जारी किया गया। जिसमें उन्होंने ब्रिक्स समूह के विस्तार की बात कहकर सफाई देते हुए कहा कि चीन को महाशक्तियों के बीच टकराव करवाने की कोई इच्छा नहीं है और न ही हम गुटबाजी करना चाहते हैं। शी जिनपिंग ने आगे कहा कि चीन आज इतिहास में सही जगह खड़ा है और मानता है कि आम हित के लिए एक उचित उद्देश्य को आगे बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें वैश्विक शासन को और ज्यादा न्यायसंगत और समतापूर्ण बनाने के लिए ब्रिक्स परिवार में और भी देशों को शामिल कर समूह का विस्तार करने की प्रक्रिया तेज करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि फिलहाल, दुनिया में, हमारे समय में और इतिहास में ऐसे बदलाव हो रहे हैं जैसे पहले कभी नहीं हुए, जो मानव समाज को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर ला रहे हैं।


**पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति के बीच संक्षिप्त वार्ता :** 15वें ब्रिक्स सम्मेलन से दौरान सभी सदस्य नेताओं के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया और उनसे बातचीत की। कॉन्फ्रेंस शुरू होने से पहले पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा गया। इससे पहले दोनों नेताओं को 2022 उज्बेकिस्तान के समरकंद में आयोजित हुई शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन में एक मंच पर देखा गया था। उस वक्त भी दोनों नेताओं के बीच कोई भी द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई थी। हालांकि, यह मीटिंग गोगरा फ्रिक्शन पॉइंट पर हुई तकरार को सुलझाने की कोशिशों के बीच हुई थी। बता दें कि दोनों देशों के बीच पिछले 3 सालों लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर चल रहे तनाव के कारण संबंध खराब हो गए हैं। दोनों पक्ष 2020 से अब तक पूर्वी लद्दाख में सीमा मुद्दों के समाधान के लिए 19 दौर की वार्ता की है, लेकिन इसका कोई सोल्यूशन नहीं निकल सका है।

# रक्षा मंत्रालय ने 7,800 करोड़ के खरीद प्रस्तावों को दी मंजूरी

- मशीन गन, नौसेना के हथियार और हेलीकॉप्टर भी शामिल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की अभियानगत क्षमताओं को बढ़ाने के लिए करीब 7,800 करोड़ रुपये के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्षा खरीद से संबंधित प्रस्तावों को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की गई। भारतीय वायुसेना की



कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए डीएसी ने एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट इंस्टॉल करने और उनकी खरीद को लेकर मंजूरी दी। (भारतीय-आईडीडीएम) खरीद श्रेणी के अंतर्गत यह मंजूरी दी गई। इससे हेलीकॉप्टरों की सर्वाइवेबिलिटी बढ़ेंगी। ईडब्ल्यू सूट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड से खरीदा जाएगा।

डीएसी ने मशीनीकृत पैदल सेना और बख्तरबंद रेजिमेंटों के लिए ग्राउंड-आधारित ऑटोनॉमस सिस्टम की खरीद के लिए भी एओएन प्रदान किया है, जो मानवरहित निगरानी, गोला-बारूद, ईंधन और पुर्जों की लॉजिस्टिक डिलीवरी और युद्ध के मैदान में हताहतों की निकासी जैसे विभिन्न अभियानों को सक्षम बनाएगा। 7.62७51 एमएम लाइट मशीन गन (एलएमजी) और ब्रिज लेइंग टैंक (बीएलटी) की खरीद के प्रस्ताव को भी डीएसी की ओर से आगे बढ़ा दिया गया है। एलएमजी के शामिल होने से पैदल बलों की लड़ने की क्षमता में इजाफा होगा, वहीं बीएलटी के शामिल होने से मशीनीकृत बलों की आवाजाही में तेजी आएगी। प्रोजेक्ट शक्ति के तहत भारतीय सेना के लिए टिकाऊ लैपटॉप और टैबलेट की खरीद के लिए भी एओएन प्रदान किया गया है। ये सभी खरीद केवल स्वदेशी विक्रेताओं से की जाएंगी। भारतीय नौसेना के एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता बढ़ाने के लिए भी डीएसी ने खरीद के लिए एओएन प्रदान किया है।

## एनडीए और इंडिया गठबंधन के ज्यादातर वादे खोखले : मायावती

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए जहां सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के नेतृत्व वाले गठबंधन एनडीए का कुनबा बढ़ता जा रहा है और एनडीए गठबंधन मिशन-24 से पहले अपने को मजबूत करने में जुटा हुआ है। इस चुनाव में सभी दलों की नजरें लोकसभा की सबसे अधिक सीटों वाले सूबे उत्तर प्रदेश पर बनी हुई हैं। जहां यूपी में बीजेपी मिशन 80 के तहत काम करने में लगी हुई है तो वहीं समाजवादी पार्टी ने भी अपने पूरी ताकत लगा दी है। इसी बीच प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पाटी सुप्रीमो मायावती ने साफ कर दिया है कि वह इस लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेंगी।

उन्होंने एनडीए और इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि एनडीए और विपक्षी गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में जीत के दावे कर रहा है। हालांकि इन दोंनों के ज्यादातर वादे सत्ता में आने के बाद खोखले ही साबित हुए हैं। इसके साथ ही मायावती ने बसपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया है। उन्होंने साफ निर्देश दिया है कि उम्मीदवारों के चयन में खास सावधानी बरती जाए।

# सप्लाई में व्यावधान के कारण घरेलू कीमतों में स्थिरता को मिल सकती है चुनौती: आरबीआई

**एजेंसी/नई दिल्ली**

बीते जुलाई माह में खुदरा महंगाई दर 15 महीने हाई पर है तो खाद्य महंगाई दर 2020 के बाद सबसे उच्च स्तर 11.51 फीसदी पर जा पहुंची है। जुलाई अगस्त में साग सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी ने आरबीआई की चिंता बढ़ा दी है। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली मॉनिटरी पॉलिसी कमिटी ने अल नीनो और असमान बारिश से पैदा हुए चुनौती पर कड़ी नजर बनाये रखने की वकालत की है। आठ से 10 अगस्त 2023 को आरबीआई एमपीसी की जो बैठक हुई थी उसके मिनट्स जारी किए गए हैं उसी से ये बातें निकलकर सामने आई है।

आरबीआई की एमपीसी बैठक में कमिटी के सभी सदस्यों ने 6.50 फीसदी रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं करने पर अपनी सहमति व्यक्त की थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अपने बयान में कहा कि वैश्विक तनाव का जोखिम बना हुआ है साथ ही असमान मौसम का असर कृषि उपज पर पड़ सकता है। उन्होंने




कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कमोडिटी की कीमतों में उछाल और सप्लाई में व्यवधान से एनर्जी प्राइसेज में उछाल का जोखिम बना हुआ है। जिससे घरेलू कीमतों में स्थिरता को चुनौती मिल सकती है।

**बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी :** एमपीसी की सदस्य आशिमा गोयल ने अपने स्टेटमेंट में कहा कि जुलाई में मानसून ने रफ्तार पकड़ी लेकिन असमान बारिश के चलते सब्जियों की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। जून में हेडलाइन इंफ्लेशन बढ़ा है जबकि कोर इंफ्लेशन कम रहा है। उन्होंने कहा कि खाने-पीने की चीजों की कीमतों में उतार-चढ़ाव और कोर इंफ्लेशन पर कड़ी नजर बनाये रखने की जरुरत है। एमपीसी के दूसरे सदस्य जयंत वर्मा ने कहा कि महंगाई पर जीत की घोषणा करने को लेकर मैंने आगाह किया किया था। अब ये स्पष्ट है कि अगले कुछ महीनों तक महंगाई टोलरेंस बैंड के ऊपर बनी रहेगी।

**साब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी सीजनल ट्रेंड से ज्यादा :** एमपीसी के एक अन्य सदस्य राजीव रंजन ने कहा कि जून-जुलाई में साब्जियों की कीमतें बढ़ी हैं जो सीजनल ट्रेंड से ज्यादा है और हाल के वर्षों में इसमें सबसे तेज उछाल देखने को मिला है। उन्होंने कहा कि टमाटर की कीमतें 326 फीसदी बढ़ गई। राजीव रंजन के मुताबिक खरीफ फसलों की बुआई बढ़ी है, लेकिन सब्जियों के साथ ही अनाज, दाल और मसालों की कीमतों में उछाल चिंता का कारण बना हुआ है और इसपर निगरानी रखने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि अगले दो महीने तक असमान बारिश और अल नीनो का असर, वैश्विक फूड प्राइसेज में उतार-चढ़ाव के चलते घरेलू खाद्य वस्तुओं की कीमतों में स्थिरता को लेकर आउटलुक ढुलमुल बना हुआ है।








## डिप्टी सीएम ने नितिन गडकरी से नई दिल्ली में की मुलाकात

# तेजस्वी ने केंद्र से की बिहार के लिए एक्सप्रेस-वे की मांग

♦ उप मुख्यमंत्री की डिमांड पर सकारात्मक दिखे केंद्रीय परिवहन मंत्री

**केटी न्यूज/पटना**

डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने गुरुवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि नितिन गडकरी से बहुत सकरात्मक बातचीत हुई है। नितिन गडकरी एक सकरात्मक व्यक्ति है और वो विकास को लेकर बहुत सकरात्मक रहते हैं। 11-12 साल से रुके हुए बिहार के परियोजना को लेकर नितिन गडकरी से बातचीत हुई है। सबसे महत्वपूर्ण मांग ये हुई है कि बिहार में अभी तक एक भी एक्सप्रेस-वे नहीं है तो एक्सप्रेस-वे की डिमांड की गई है। पिछली बार नितिन गडकरी बिहार आए थे तो कहा गया था कि बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस-वे को कर दीजिए, लेकिन हम लोग एक एक्सप्रेस-वे चाहते हैं। इस मांग पर भी वे सकरात्मक दिखे।



तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक में बक्सर से भागलपुर तक एक्सप्रेस-वे, गंगा पर जेपी सेतु के समानांतर पुल, पटना से कोईलवर और अनीसाबाद से दीदारगंज के बीच एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण की मांग की गई। इसके अलावा केंद्र की लंबे अरसे से लंबित परियोजनाओं जैसे पटना-गया, हाजीपुर-छपरा, महेशखूंट-सहरसा-पूर्णिया एनएच, मुजफ्फरपुर बाईपास को शीघ्र पूर्ण कराने पर भी विमर्श हुआ। वहीं, सूत्रों का कहना है कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और अनिसाबाद-दीदारगंज एलिवेटेड सड़क राजधानी पटना से भी जुड़ी हैं। साथ ही बहुत समय से लंबित हैं। केंद्र सरकार से मंजूरी के बाद इन परियोजनाओं पर निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। इससे राजधानी पटना की बड़ी आबादी को एक तरफ जाम से मुक्ति मिलेगी, वहीं सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी होने से आवागमन में सुविधा होगी।

**हाइड्रोजन कार से निकले तेजस्वी :** वहीं बैठक के बाद तेजस्वी यादव नितिन गडकरी की हाइड्रोजन कार से अपने निवास स्थल के लिए निकले। तेजस्वी ने बताया कि उन्हें इस कार का टेस्ट ड्राइव करने के लिए कहा गया है इसलिए वो इससे चल रहे हैं। यह कार इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इस कार की अभी देश में टेस्टिंग की जा रही है। यह कार केवल नितिन गडकरी के पास है। वह इसी कार से घूमते हैं। वहीं, दूसरी ओर डिप्टी सीएम ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान 3 की लसफल लैंडिंग पर इसरो को बधाई देते हुए कहा कि इस सफलता में हमारे वैज्ञानिकों का योगदान है। हम इस बेहतरीन कार्य के लिए उनको धन्यवाद देते हैं, वैज्ञानिक हमारे देश के सबसे प्रतिष्ठित लोग हैं। हमारे देश के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे कार्य की वजह से देश का नाम ऊंचा हो रहा है। वहीं चंद्रयान की सफलता में नरेंद्र मोदी की भूमिका को लेकर तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्होंने क्या किया है, उन्होंने तो इसरो का बजट ही घटा दिया है।

## डीएम के आवास से असलहा चोरी

**सुपौल।** जिले के डीएम कौशल कुमार के आवासीय परिसर से अज्ञात चोरों ने डीएम की सुरक्षा में तैनात गार्ड की 160 राउंड गोली, 2 मैगजीन और 4 मोबाइल की चोरी कर लिया। घटना के संबंध में आलाधिकारियों को जैसे ही भनक लगी तो जिले के प्रशासनिक महकमों के बीच खलबली मच गई। प्रशासन के आलाधिकारी किरकिरी से बचने के लिए इस मामले को दबाने में लग गए और इसके साथ ही चोरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गए। इसके बाद एक चोर की पहचान की गई और उसे सुपौल सदर थाना क्षेत्र के भेलाही से पकड़ लिया गया। इस दौरान एक पुलिस के जवान के घायल होने की भी सूचना है। वहीं, मामला बुधवार की सुबह का है। इस मामले में एफआईआर दर्ज हो गई है।

बताया जाता है कि पकड़े गए चोर की पहचान भेलाही गांव के गंगा कामत के रूप में हुई है। चोर की निशानदेही पर बसबिट्टी रोड स्थित एक खेत से चोरी के सभी सामान 160 राउंड गोली, 2 मैगजीन और 4 मोबाइल सुरक्षित बरामद कर लिया गया। जांच के क्रम में सीसीटीवी फुटेज में एक युवक को भागते देखा गया था, जिसे पकड़ लिया गया है। घटना में और कौन-कौन संलिप्त हैं? इसकी जांच की जा रही है और पता लगाने के लिए पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी जैसे ही एसपी को हुई कि सब हक्के बक्के नजर आने लगे। चोरी की इस बड़ी घटना की जानकारी और लोगों को न लगे।

# बीपीएससी परीक्षा: सीवान में केंद्र के बाहर परीक्षार्थियों ने काटा बवाल

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में शिक्षक नियुक्ति के लिए बीपीएससी की परीक्षा गुरुवार से शुरू हुई है। वहीं, सीवान में परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों ने जमकर हंगामा किया। प्रथम पाली में परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों ने करीब दो घंटे तक विरोध किया। हंगामा की सूचना मिलते ही सीवान सदर अनुमंडल पदाधिकारी रामबाबू बैठा दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। बीपीएससी शिक्षक नियुक्ति के परीक्षार्थियों ने बायोमेट्रिक नहीं होने से नाराज होकर हंगामा किया है। मामला शहर के डॉन बॉस्को हाई स्कूल में बने परीक्षा केंद्र का है।

बताया जा रहा है कि प्रथम पाली में करीब 50 परीक्षार्थियों का बायोमेट्रिक नहीं हो पाया था।



परीक्षार्थी जब परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकले तो केंद्र पर मौजूद मजिस्ट्रेट से बायोमेट्रिक को लेकर उनकी बहस हो गई। परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र के बाहर हंगामा करने लगे। परीक्षार्थियों का कहना है कि एडमिट कार्ड में साफ साफ शब्दों में लिखा है कि परीक्षा समाप्ति के बाद बायोमेट्रिक कराने के बाद ही वापस निकलना है। हम लोग का जब बायोमेट्रिक नहीं हुआ तो ऐसे ही हम सभी अनुपस्थित माने जाएंगे. परीक्षार्थियों का आरोप है कि बीपीएससी की लापरवाही है। अनट्रेंड स्टॉफ को रखा गया है, जिसके कारण इस तरह की लापरवाही हुई है। प्रशासन द्वारा बल पूर्वक कर केंद्र से बाहर निकाला गया है।

**बोले परीक्षार्थी... सिलेबस से बाहर पूछे गए सवाल :** पटना। बीपीएससी शिक्षक भर्ती की पहली पाली की परीक्षा खत्म होने के बाद प्रश्न पत्र को लेकर अभ्यर्थियों में नाराजगी दिखी। अभ्यर्थियों ने कहा कि कठिन सवालों ने हमें चौंकाया। सिलेबस से बाहर के सवाल पूछे गए। परीक्षा केंद्रों पर पानी से लेकर बैठने तक की व्यवस्था नहीं थी. बहुत कठिन प्रश्न पत्र था। बीपीएससी में इतने कठिन सवाल नहीं पूछे जाते। परीक्षा को लेकर ज्यादातर अभ्यर्थी निराश दिखें। बता दें कि बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा आज से शुरू हो गई है। कुल 1 लाख 70 हजार 461 पदों पर बहाली होनी है। इसके लिए आठ लाख 15 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हो रहे है।

# नीतीश को सिर्फ सीएम बनने से मतलब: पीके

**पटना।** जन सुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर इन दिनों मुजफ्फरपुर में पदयात्रा कर रहे हैं। इस दौरान गुरुवार को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पर जमकर हमला बोला।

पीके ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद ललन सिंह का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति वक्तव्य सुन लीजिए, तो आपको लगेगा कि ये आदमी पहले आरती कर रहे थे, जब सरकार में थे, मंत्री बनना चाह रहे थे और आज इनको कमी दिख रही है। वैसे बीजेपी वालों के पास इस मुद्दे पर जवाब देने वालों की कमी नहीं है, लेकिन मैं बता दूं कि जरा ललन सिंह का पूर्व में लोकसभा और लोकसभा के बाहर प्रधानमंत्री



के प्रति वक्तव्य को सुन लीजिए।

प्रशांत किशोर नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज नीतीश कुमार की एक ही प्राथमिकता रह गई है कि किसी प्रकार मुझे मुख्यमंत्री बनना है। इतने दिनों से बिहार में चल रहा हूं। गांव-गांव का बच्चा-बच्चा इस बात को समझ रहा है और कहता है कि नीतीश कुमार को सिर्फ मुख्यमंत्री बनने से मतलब है और वो बनने जो सहयोगी हैं वो ठीक हैं, जो सहयोगी नहीं हैं उनके शब्दों में उसे कोई ज्ञान नहीं है। बिहार में सिर्फ एक ही ज्ञानी बच गए हैं, वो नीतीश कुमार हैं। चुनावी रणनीतिकार ने आगे कहा कि इस बात को हमको मानना पड़ेगा कि कुर्सी पर बने रहने का ज्ञान तो नीतीश कुमार के पास है। चाहे जनता का समर्थन हो या न हो, जनता उनको वोट करें या न करें। जनता चाहे वोट कांग्रेस, आरजेडी, बीजेपी या निर्दलीय को करें, मुख्यमंत्री तो नीतीश कुमार ही बनेंगे। इतना ज्ञान नीतीश कुमार को है।

## लोस सीट नहीं, निषाद आरक्षण चाहिए

**पटना।** वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता लोकसभा सीट नहीं, निषाद आरक्षण है। अगर प्रधानमंत्री निषाद को आरक्षण देने की घोषणा करते हैं और एक सीट भी नहीं देते हैं तो भी कोई परवाह नहीं है। मुकेश सहनी ने साफ लहजे में कहा कि यूपी, बिहार और झारखंड में 60 सीटों पर निषाद हार जीत तय करते हैं और जो हमारी बात सुनेंगे, उसकी बात हम भी सुनेंगे। सहनी ने कहा कि बुधवार निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा का पहला चरण समस्तीपुर में समाप्त हो गया। अब तक पहले चरण में 10 लाख लोगों ने हाथ में गंगाजल लेकर आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य और आरक्षण के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया है।




# टीबी मुक्त पंचायत पहल को मिलेगी गति, प्रखंडों में बीडीओ करेंगे अनुश्रवण

**केटी न्यूज/बक्सर**

- प्रत्येक माह प्रखंड स्तर बैठक में कार्यक्रम की समीक्षा कर डीएम को सौपेंगे प्रतिवेदन

केंद्र व राज्य सरकार ने 2025 तक देश को टीबी से मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उस पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य समिति लगातार प्रयासरत है। जिसको देखते हुए जिले को टीबी से मुक्त करने की दिशा में प्रशासनिक कार्यवाही तेज कर दी गई है। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के निर्देश पर प्रखंडों में टीबी मुक्त पंचायत पहल और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की निगरानी संबंधित बीडीओ करेंगे। इसके लिए प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में कार्यक्रमों की समीक्षा की प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को सौपेंगे।

इस संबंध में बीते दिनों जिला मुख्यालय में सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम और बीसीएम की बैठक बुलाई गई। जिसमें उन्हें जिलाधिकारी के निर्देशों से अवगत कराया गया। ताकि, पंचायत, प्रखंड व जिला स्तर पर टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम के कार्यान्वयन को सुगम बनाया जा सके।

**सभी विभागों से स्थापित किया जा रहा समन्वय :** जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया, जिले में टीबी मुक्त पंचायत पहल कार्यक्रम को गति देने के लिए सभी विभागों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। जिसमें, आईसीडीएस, जीविका, शिक्षा विभाग समेत सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों से संपर्क किया जा रहा है। ताकि, टीबी के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए जनसहभागिता को बढ़ाया जा रहा है। टीबी मुक्त पंचायत पहल के सफल संचालन के लिए पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर तक के अधिकारियों और कर्मियों को शामिल किया जा रहा है। जिसमें चयनित ग्राम पंचायतों की सभी एएनएम, आशा कर्मी, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, जीविका समूह, टीबी चैंपियन, आरबीएसके की टीम व पंचायती राज विभाग के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को शामिल किया जा रहा। साथ ही,कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा सके।




## प्रखंडों में टीबी कार्यक्रमों की होगी हर माह समीक्षा

जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि अब प्रखंडों में संचालित होने कार्यक्रमों और गतिविधियों की समीक्षा प्रत्येक माह होगी। इसके लिए सभी सहयोगी संस्थानों के अधिकारियों और कर्मियों का उन्मुखीकरण करते हुए उन्हें जागरूकता अभियान में शामिल किया जाएगा। इसके लिए सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को सूचना दे दी गई है। ताकि, वो अपने संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर प्रखंड स्तरीय बैठक सह कार्यशाला का आयोजन कराएं। जिसमें सभी को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत, टीबी मुक्त पंचायत पहल, निक्षय मित्र योजना, निक्षय पोर्टल और निक्षय राशि योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिससे उन्हें पंचायतों में कार्यक्रम में सहभागिता देने में सहूलियत मिलेगी।

### ठगी: मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही गांव की घटना, एफआईआर दर्ज

# बीमार बेटे को ठीक करने का झांसा दे 1.5 लाख के गहने ले उड़ा बहरूपिया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले के मुरार थाना क्षेत्र के कोन्ही गांव में बुधवार की शाम एक बहरूपिया ने घर में अकेली पा एक महिला को झांसा में ले पूजा पाठ से उसके बीमार बेटे को ठीक करने का झांसा दे 1.5 लाख रूपए के आभूषण ले उड़ा है। घंटों बाद जब महिला तथा घटना के बाद घर आई उसकी सास को इसका अहसास हुआ, तब दोनों ने शोरगुल मचाया और ग्रामीणों के माध्यम से उसकी तलाश कराई।



लेकिन तब तक वह गहने लेकर चंपत हो चुका था। उसके बाद पीड़िता ने मुरार थाने में उस अज्ञात बहुरूपिए के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया। पीड़िता पिंटू यादव की पत्नी रीतू देवी के द्वारा पुलिस को दिए आने आवेदन में बताया कि पति परदेश में नौकरी करते है। उसका ढ़ाई साल का बेटा बीमार चल रहा है। बुधवार की शाम उसकी सास रेशमा देवी स्थानीय बाजार में सामान खरीदने गई थी। इसी बीच जिंस व सर्ट पहने एक युवक बाइक से उसके दरवाजे पर आया तथा मंदिर निर्माण के नाम पर चंदा मांगने लगा। चंदा मांगने के दौरान उसने अचानक कहा कि वो उनके घर से चंदा नहीं ले सकता। उनके घर में अनिष्ट होने वाला है। उनके बेटे का तबीयत खराब है, सावन पूर्णिमा तक उसकी मौत हो जाएगी। इतना सुनते ही रीतू डर गई तथा उससे अपने बेटे को बचाने का उपाय पूछने लगी। तब उसने कहा कि एक छोटा पूजा कर उसकी जान को बचाया जा सकता है।

**महिला को पूजा-पाठ का दिया झांसा :** बेटे की जान बचाने के लिए रीतू उससे मिन्नतें करने लगी। तब उसने घर में जाकर आंगन में कंबल बिछाने तथा थोड़ा चावल, अगरबत्ती व दक्षिणा के रूप में 11 रुपये लाने को कहा। महिला ने आंगन में कंबल बिछाया और उसपर चावल व 11 रुपये उसे दे दी। फिर उसने कहा कि पूजा स्थल पर एक आभूषण की जरूरत है। जिसे वो पूजा के ले सकती हैं। महिला अपने आलमीरा में रखे बैग से एक नथिया निकालकर उसे दे दिया। इसके बाद वह उसे एक अगरबत्ती देकर बोला कि जबतक पूजा चल रही है, तबतक आप उस कमरे में जाकर बैठ जाइए। जिसमें आपका बच्चा सो रहा है। इस दौरान उसने पूजा के विधानों को नहीं देखने की चेतावनी भी दी। बच्चें की जिंदगी व पूजा में व्यवधान के भय से वो बहरूपिए के बताए अनुसार घर में जाकर बैठ गई। इस दौरान उसकी सास रेशमा भी आ गई। उसे भी झांसे में ले बहरूपिए ने अगरबत्ती दे अपनी बहु के बगल में बैठने को कहा।

**गहने लेकर फरार हुआ बहरूपिया :** उसके बाद उसने कुछ मंत्रों का उच्चारण शुरू किया। जिससे घर की दोनों महिलाओं को लगे कि पूजा चल रही है। इसी बीच बड़ी सफाई से उसके आलमीरा से मंगलसूत्र, नथिया, बच्चें का आभूषण समेत कुल 1.5 लाख रुपये मूल्य का गहना लेकर फरार हो गया। लगभग दो घंटे बाद जब आंगन से किसी तरह की आवाज नहीं आ रही थी तब दोनों महिलाओं ने झांककर आंगन में देखा। जहां बहरूपिया गायब मिला। महिलाओं ने जब घर की तलाशी ली तो आभूषण वाला आलमीरा खुला था तथा उसमें रखे गहने गायब थे। तब उन्हें ठगी की जानकारी हुई। इस संबंध में पीड़िता ने मुरार थाने में एफआईआर दर्ज कराया।

## लूट की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस सख्त, बनाई रणनीति

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल के इलाके में लगातार हो रही लूट की घटनाओं के बाद पुलिस ने इसे रोकने लिए रणनीति बनाई है। अब हर थाना क्षेत्रों में नियमित रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलेगा। वही पुलिस तेज रफ्तार व लहेरिया कट बाइक चलाने वालों पर नजर रखने के साथ ही सुरक्षा के लिहाज से सीएसपी संचालकों को निगरानी में रखेगी।

हाल के दिनों में अनुमंडल क्षेत्र में लूट व छिनतई की कई घटनाएं हो चुकी है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे थे। ज्ञात हो कि पिछले तीन अगस्त को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छोटका ढकाइच गांव के समीप एनएच 922 पर एसबीआई के सीएसपी संचालक सुबोध रंजन लाल उर्फ पिंकू लाल से 3.68 लाख रुपये की सरेआम लूट हुई थी। वही सोनवर्षा ओपी क्षेत्र में भी आभूषण व्यवसायी तथा धनसोई थाना क्षेत्र में किराना व्यवसायी से लूट की घटना के बाद पुलिस ने यह कदम उठाया है। इस घटना में भी तेज रफ्तार बाइक का इस्तेमाल किया गया था। लूट की वारदातों के बाद भी पुलिस अपराधियों की पहचान तो करती है, लेकिन लूट के वक्त लोगों के बीच पुलिस के प्रति नाराजगी देखी जाती है। हालांकि लूट की घटना को रोकने की विफलता पर बड़े अधिकारी की फजीहत झेलनी पड़ती है। लूट के मामलों में अनुमंडल की पुलिस ने अपराध पर नियंत्रण को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। इसके लिए अलग से पुलिस की टीम गठित की जायेगी, जो लगातार तेज रफ्तार वाले बाइको पर चौकसी बरतेगी। साथ ही देर रात तक बाइक का चेकिंग अभियान चलेगा। पुलिस टीम शहर सहित ग्रामीण इलाके के संदिग्ध जगहों पर निगरानी बरतने को लेकर तैनात किया जायेगा।

वहीं, शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण इलाकों में भी पुलिस की टीम अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रात्रि पहर भी गश्त करेगी। सभी पुलिसकर्मियों को अपने पास मोबाइल रखने की हिदायत दी जायेगी ताकि एक-दूसरे से संर्पक बन सके। सीएसपी संचालकों के साथ लगातार हो रही लूट व छिनतई की घटनाओं से पुलिस की मुश्किलें बढ़ गयी है। पुलिस ने इसके लिए ठोस कदम उठाया है। अब सभी सीएसपी संचालक पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मोटी रकम आने और ले जाने के दौरान सीएसपी संचालक को इसकी सूचना संबंधित थाने को देना होगा ताकि उनकी सुरक्षा की व्यवस्था की जा सके।

## एक नजर

### रक्षाबंधन पर्व पर नये परिधान में दिखेंगे कान्हा

**डुमरांव।** रक्षाबंधन का त्योहार हिंदू धर्म मे विशेष महत्व रखता है। इस दिन बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांध उनके सलामती की दुआ करती है। इस बार रक्षाबंधन पर भाई की कलाई के साथ ही भगवान श्रीकृष्ण लला के हाथों में भी राखी बांधकर रक्षाबंधन के दिन उत्सव मनायेंगे। यह सबसे बड़े त्योहारों में एक होता है. पंचाग के अनुसार रक्षाबंधन का पर्व हर साल सावन माह के पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम व स्नेह का प्रतीक होता है। इस पर्व पर बहने अपने भाई के माथे पर टीका और आरती उतारते हुए कलाई पर राखी बांधती है। राखी बांधते समय बहने भगवान से भाइयों की लंबी और सेहतमंद आयु, सुख-समृद्धि, धन-वैभव की कामना करती है। राखी बांधने के बदले में भाई अपनी बहनों को तोहफे के साथ जीवनभर रक्षा का वचन देता है। आगामी पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जायेगा। रक्षाबंधन के दिन कान्हा नये परिधानों में दिखेंगे इसकी तैयारी शुरू हो गयी है। रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्यार के बंधन का प्रतीक के रूप में माना जाता है। शहर में सैकड़ो ऐसे परिवार है जो श्रीकृष्ण लला को राखी बांध रक्षाबंधन के दिन उत्सव मनायेंग। इन परिवारों ने स्थानीय बाजारों से खरीदारी शुरू कर दी है। मंडियों में दुकानें भी सज गयी है। दुकानों पर कृष्ण लला के साजो-सामान उपलब्ध है। इनके परंपरागत झूले से लेकर बांसुरी, घुंघरू, नये परिधान, पलना आदि शामिल है। कान्हा के सामग्री बेच रहे गोला रोड के दुकानदार विजय साह, लक्ष्मण प्रसाद ने बताया कि रक्षाबंधन उत्सव पर कान्हा के सामानों की मांग बढ़ जाती है। इसके लिए हर मेल मंगाये जाते है। श्रीकृष्ण-राधा मंदिर के साथ सैकड़ो घरों में भी उत्सव मनाया जाता है। इन सामानों की खरीदारी शुरू हो गयी है।



### 20 लाख के आभूषण व कीमती बर्तन ले उड़े चोर

**ब्रह्मपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गरहथा खुर्द गांव के एक घर में चोरों ने चोरी की भीषण घटना को अंजाम दिया है। चोरी की यह वारदात बुधवार रात सत्येन्द्र सिंह के घर हुई है। दीवार फांद घर में घुसे चोरों ने 2 लाख नगद, 18 लाख के सोने के आभूषण तथा करीब दो लाख रूपए मूल्य के चांदी व तांबे के कीमती बर्तनों को चुरा लिया है। गुरूवार की सुबह जब घरवालों की नींद खुली तथा घर के बिखरे सामानों को देखा तो उन्हें चोरी की बात समझ में आई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने इस मामले के उद्भेदन के लिए खोजी कुत्ते का सहारा भी लिया है। इस संबंध में पीड़ित परिवार के सुशील सिंह ने बताया कि बुधवार की रात घर के सभी सदस्य खाना खाकर सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर में प्रवेश कर आलमीरा तोड़ उसमें रखे 2 लाख नगद तथा 18 लाख के सोने के आभूषण व चांदी तथा तांबे के बर्तनों से भरे बक्शे को चुरा लिया है। चोरी की बात समझ में आते ही परिजनों के चेहरे पर मायूशी छा गई। वही इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल ब्रह्मपुर पुलिस हरकत में आई तथा चोरों का पता लगाने के लिए खोजी कुत्ते को बुलवाया गया। खोजी कुत्ता के आने के बाद उसके निशानदेही पर गांव से बाहर बधार में चोरों द्वारा तोड़कर फेंके गए बक्शे बरामद हुए। लेकिन उसमें रखे आभूषण, बर्तन तथा अन्य कीमती सामान गायब थे। चोरी की इस वारदात के बाद ग्रामीण भयजदा है। वही इस वारदात ने ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस गश्त पर भी सवाल खड़े कर दिए है। इस संबंध में पीड़ित गृहस्वामी द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया गया है। ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष बैजनाथ चौधरी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।





# मानवता... अस्पताल संचालक ने दर्जनों परीक्षार्थियों को दिया आश्रय

रजनीकांत दूबे/डुमरांव

- स्टेशन पर आश्रय नहीं मिलने से परेशान थे परीक्षार्थी व अभिभावक

बुधवार की शाम डुमरांव में झमाझम बारिश हो रही थी। इस दौरान पंजाब मेल के रूकते ही उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के सैकड़ो परीक्षार्थी व उनके अभिभावक ट्रेन से उतरे। बारिश में भींगते हुए वे अपने ठिकाने की तलाश करते परेशान हो गए थे। करीब दर्जनभर परीक्षार्थी स्टेशन के समीप स्थित एक दुकान के बाहर शरण लिए थे। लेकिन दुकानदार रात अधिक होने का हवाला दे दुकान बंद करने की बात कह रहा था। जिस कारण उनके सामने इस बात की चिंता बढ़ गई थी कि रात में कहां जाएं। यूपी के लोगों को पहले ही बिहार आने में डर लग रहा था। स्टेशन पर चोर उचक्कों का खतरा भी था।



संयोग से उसी समय डुमरांव सुमित्रा कॉलेज पथ के ढेलवानी मोड़ स्थित कुमार अथोर्पैडिक क्लिनिक का संचालन करने वाले डॉ. जैनुल होदा उर्फ बब्लू भी किसी को लाने के लिए स्टेशन पहुंचे थे। उन्होंने परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों को परेशान देखा तो उन्हें अपने अस्पताल में ठहरने की व्यवस्था की। जैनुल ने सभी को दो तीन ऑटो में बैठा अपने अस्पताल पहुंचाया तथा हॉल में सभी के सोने के लिए बेड लगाया। परीक्षार्थियों के आने से अस्पताल किसी लॉज जैसा बन गया था। अस्पताल में रात बिताने वाली बरेली की कनकलता व अखिलेश ने बताया कि उन्हें बिहार आने पर डर लग रहा था। लेकिन अस्पताल संचालक ने जो मानवता व भाईचारा दिखाई उससे उनकी सोंच बदल गई है। वहीं बस्ती जिले से आई सिम्पी यादव व उनके अभिभावक दुर्गा प्रसाद ने कहा कि अस्पताल संचालक की सहृदयता से उन्हें रात में भटकना नहीं पड़ा। वहीं, इस अस्पताल में लखनऊ की अंजली मौर्य, मऊ के बीरेन्द्र कुमार मौर्य समेत एक दर्जन से अधिक लोगों के लिए यह अस्पताल वरदान साबित हुआ। वे सभी गुरुवार को परीक्षा देने के बाद ही यहा से जाएंगे। जबकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा उनसे किसी तरह का शुल्क नहीं लिया गया।




## बीपीएससी अध्यापक परीक्षा: भीड़ के कारण चरमराई ट्रैफिक व्यवस्था

# फुल रहे होटल-लॉज, स्टेशन व दुकानों के बाहर बैठ बिताई रात

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा 24 व 25 अगस्त को आहूत बीपीएससी अध्यापक परीक्षा में शामिल होने के लिए बक्सर व डुमरांव में हजारों की संख्या में परीक्षार्थी आए है। अधिकांश परीक्षार्थी यूपी तथा बिहार के दूर दराज के जिलों के है। जिन्हें यहां पहुंचने से लेकर रात्रि विश्राम तक कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। परीक्षार्थियों की अधिक संख्या के कारण बक्सर व डुमरांव दोनों जगहों के सभी होटल व लॉज पहले से ही फूल हो गए थे। वही बुधवार की शाम से ही परीक्षार्थी अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने लगे थे। यहां आने पर उन्हें सबसे अधिक परेशानी ठहरने को लेकर हुई। चुकी होटल व लॉज पहले से ही बुक हो चुके थे। जिस कारण उन्हें ठहरने के लिए कोई जगह नहीं मिल रही थी। सैकड़ो की तादाता में परीक्षार्थी बक्सर तथा डुमरांव रेलवे स्टेशन पर रात गुजारे तो कई शहर के विभिन्न दुकानों के बाहर पूरी रात बैठ सुबह होने का इंतजार करते देखे गए। चूकी यह परीक्षा दो दिनों की है, इस कारण उन्हें गुरूवार को भी रात में सर छिपाने के लिए परेशान होना पड़ेगा। जिले के दोनों शहर कस्बाई इलाके वाले है। जिस कारण होटल व लॉजों में जगह नीं बची है। जिससे यहां परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को फजीहत झेलनी पड़ रही है।



**पूर्वी रेलवे क्रासिंग बंद होने से छूटी आधा दर्जन परीक्षार्थियों की परीक्षा :** बीपीएससी परीक्षा के दूसरी पाली में डीके कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने जाने के दौरान पूर्वी रेलवे क्रासिंग बंद होने से करीब आधा दर्जन परीक्षार्थियों की परीक्षा छूट गई। बता दें कि दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान पश्चिमी रेलवे क्रासिंग खराब हो गया था। सभी वाहन पूर्वी रेलवे क्रासिंग से ही होकर गुजर रहे थे। इस दौरान एक पैसेंजर टेज्न भी आ गई। क्रासिंग बंद होने तथा जाम लगने के कारण परीक्षार्थियों को करीब आधा घंटा तक क्रासिंग पर रूकना पड़ा। लेकिन इतने देर में ही आयोग के निदेर्शानुसार विलंब हो गया था तथा उन्हें परीक्षा केन्द्र में जाने की अनुमति नहीं मिली। यूपी के बलिया जिले के नागरा की रहने वाली अंशु कुमारी, लखनउ की सीमा देवी समेत करीब आधा दर्जन महिला परीक्षार्थी परीक्षा से वंचित हुई है। जिसका मलाल उनके चेहरे पर देखा जा रहा था।

**शांतिपूर्ण संपन्न हुई बीपीएसी की परीक्षा :** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आहूत बीपीएससी की अध्यापक परीक्षा गुरूवार को बक्सर तथा डुमरांव के कुल 17 परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। डीएम अंशुल अग्रवाल, एसपी मनीष कुमार, बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र, डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में 13 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 7710 परीक्षार्थियों में 6339 उपस्थित थे। वही दूसरी पाली में 17 परीक्षा केन्द्रों पर 8920 परीक्षार्थियों के मुकाबले 5568 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। दोनों पालियों में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री सचिवालय में परिवाद दायर करने के बाद मांगा गया शपथ पत्र

**डुमरांव।** अब सरकारी कर्मियों के विरूद्ध शिकायत करने वालों को संपुष्टि के लिए शपथ पत्र भी देना होगा। डुमरांव के चर्चित सामाजिक सह आरटीआई कार्यकर्ता रामजी सिंह ने हाल ही में मुख्यमंत्री के सचिवालय में परिवाद दायर किया था। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि डुमरांव अनुमंडल के सभी सात प्रखंडों की सीडीपीओ द्वारा अपने अपने संबंधित क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं से प्रतिमाह निश्चित नजराना लिया जाता है और नहीं देने वाली सेविकाओं को परेशान किया जाता है।

लेकिन इस परिवाद के दायर करने के बाद समाज कल्याण विभाग के उप सचिव ने कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग पटना के पंत्रांक 945 दिनांक 24 जून 2005 का हवाला देते हुए सरकारी कर्मियों पर कार्रवाई से पूर्व संपुष्टि के लिए एक पखवाड़े के अंदर शपथ पत्र देने को कहा है। समाज कल्याण विभाग का पत्र मिलने के बाद विभागीय अधिकारी और कर्मी परेशान है। साथ ही, इससे जिलास्तर से लेकर परियोजना स्तर तक हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने जल्द से जल्द शपथ पत्र देने का निर्देश दिया है। अब रामजी सिंह को यह समझ में नहीं आ रहा है कि अब सरकारी कर्मियों के खिलाफ कौन मुंह खोलेगा।






# ऑटो से जा रहे युवक को बदमाशों ने मारी गोली, रेफर

- नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी स्थित गैस एजेंसी के समीप बुधवार की रात की घटना
- दो बदमाशों पर गोली मारने का आरोप, कारणों की तफ्तीश में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/ आरा**



नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी गैस एजेंसी के समीप बुधवार की रात बदमाशों द्वारा ऑटो सवार एक युवक को गोली मार दी गयी। गोली उसकी बाएं साइड पंजरी में लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के देवरथ गांव निवासी जमेंद्र राम का 20 वर्षीय पुत्र राजू कुमार है। वह वर्तमान में पकड़ी गैस एजेंसी के समीप किराए का रूम लेकर रहता है।उसे बाइक सवार दो बदमाशों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है।

हालांकि गोली मारने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गयी है। जख्मी युवक के दोस्तों से पूछताछ के आधार पर अपराधियों की पहचान की कोशिश कर रही है। उसके दोस्त मोहित कुमार ने बताया कि 15 दिन पूर्व उसे पुत्र हुआ था, जिसे जॉन्डिस हो गया है। उसका इलाज महावीर टोला स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। बुधवार की रात उसका दोस्त राजू कुमार अन्य मित्रों के साथ उसके बच्चे को देखने और परिजनों के लिए खाना लेकर अस्पताल आया था। देर रात को सभी ऑटो से गैस एजेंसी के समीप अपने किराए के रूम पर लौट रहे थे। उसी दौरान उनके ऑटो के पीछे एक बाइक पर सवार दो युवक भी आ रहे थे। उसी दौरान बाइक पर पीछे बैठे एक युवक द्वारा उनके ऊपर फायरिंग कर दी गयी। उसमें ऑटो में किनारे बैठने के कारण उसके दोस्त राजू को गोली लग गयी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

## जिला अभियोजन समिति की बैठक आयोजित, दिए निर्देश

# जिला न्यायालय से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करें: डीएम

**केटी न्यूज/ जहानाबाद**



जिला पदाधिकारी रिची पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक दीपक रंजन की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला अभियोजन समिति की बैठक सम्पन्न की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया कि मामले के निष्पादन पर बल देने का निदेश दिया। साथ ही किसी भी कर्मी के विरुद्ध सरकारी राशि के गबन का मामला है तो उसका शीघ्र निष्पादन करने का निदेश दिया गया।

जिला अभियोजन समिति की बैठक में जी.पी.,पी.पी, विशेष लोक अभियोजक, जिला अभियोजन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला विधि शाखा उपस्थित थे। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विगत माह के बैठक में दिए गए निदेशों की कार्यवाही पर परिचर्चा किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा बारी-बारी से निष्पादन कांडो एवं सजा से संबंधित बिन्दुओं पर समीक्षा किया? गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंभीर प्रकृति के मामले में सभी विधि पदाधिकारी संबंधित न्यायालय से समन्वय स्थापित कर विषेश ध्यान रख कर मामले का निष्पादन कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें। जिला पदाधिकारी ने सभी को संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया तथा वैसे मामले जो अंतिम चरण पर हैं और जिनमें साक्ष्य उपलब्ध है वैसे मामलों को चिन्हित करते हुए स्पीडी ट्रायल हेतु उपलब्ध कराने का निदेश दिया। निर्देश दिया कि पॉक्सो एक्ट, ड्रग रेप, जूवेनाइल एवं जघन्य आपराधिक मामलों को प्राथमिकता पर रखते हुए दोषियों के कनविक्शन रेट को बढ़ाना सुनिश्चित करेंगे। सभी विधि पदाधिकारियों को हिदायत दिया गया कि अधिक से अधिक संख्या में मामले का निष्पादन करते हुए, सजा के बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने लंबित मामलों की समीक्षा की एवं लंबित होने के कारण पर जानकारी प्राप्त की। सभी विशेष लोक अभियोजको को निदेश दिया कि किसी मामले में गवाही के कारण मामले का निष्पादन नहीं होता हैं तो उसकी जानकारी पत्र अथवा निजी रूप से सम्पर्क कर दें। संबंधित को गवाही दिलाया जाएगा। अगर कोई व्यक्ति अथवा कर्मी गवाही में निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने टाइटल सूट संबंधित मामलों का विशेष अनुश्रवण करने का निर्देश दिया।

## पुलिस अधीक्षक से लगाया न्याय की गुहार

**जहानाबाद**।जिले के नगर थाना क्षेत्र के ऐरकी निवासी लाला दास ने अपनी तीन बच्चों के पुत्री कंचन देवी को लेकर पुलिस अधीक्षक दिपक रंजन से न्याय की गुहार लगाई। लाला दास ने बताया कि मै अपनी पुत्री की शादी वर्ष 2015 में पटना जिला के थाना खुसरूपुर क्षेत्र के ग्राम मुसकी निवासी सनोज कुमार दास के साथ हिदू रिती रिवाज के साथ किया था। मेरी पुत्री को सनोज के साथ रहने पर तीन बच्चे भी हैं।अचानक मेरा दामाद सनोज कुमार दास ने किसी अन्य महिला को लेकर फरार हो गया है।

## पांच लोगों पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज

**जहानाबाद**। बिजली विभाग के द्वारा बिना कनेक्शन लिए हुए चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ बिजली विभाग द्वारा गठित छापेमारी दल ने पांच लोगो को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है। विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि मखदमपुर प्रखण्ड अंतर्गत कतरासीन गाव में कनीय विधुत अभियंता ज्योति प्रकाश पटेल के नेतृत्व में मीटर जाँच अभियान चलाया गया। जहाँ बिजली चोरी करते हुए पांच को पकड़ा गया।









## ज़िलाधिकारी ने की सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 की प्रगति की समीक्षा

# आशाकर्मी व बीपीएम मिलकर आयुष्मान कार्ड का कार्य पूर्ण करें: जिलाधिकारी



**केटी न्यूज/ बलिया**

जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई 5.0) की मॉनिटरिंग के संबंध में ब्लॉकवार कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। यह अभियान 7 से 12अगस्त तक चला था। सभी ब्लॉकों में कितने बच्चों का नियमित टीकाकरण हुआ है, ज़िलाधिकारी में इसकी विस्तृत जानकारी ली। सीएमओ को निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग से संबंधित जो भी प्रोग्राम है उसकी ब्लॉकवार मॉनिटरिंग अनिवार्य रूप से करें।

विकास खंड हनुमानगंज व रेवती में खराब प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ को निर्देश दिया कि इसके ज़िम्मेदार अधिकारी का वेतन रोककर अवगत कराएँ। विकासखंड सीयर में आयुष्मान कार्ड बनाने में खराब प्रगति पर निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा बीपीएम मिलकर आयुष्मान कार्ड का कार्य पूर्ण करें। सीएमओ को यह भी निर्देश दिया कि जिस बीपीएम का कार्य ठीक नहीं हो, उन पर कठोर कार्यवाही की संस्तुति कर भेजें। बैठक में सीडीओ प्रवीण वर्मा, सीएमओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डीएम ने की आकांक्षात्मक विकासखंड के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकासखंड की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसमें जिले के आठ विकासखंड शामिल हैं। इस बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं पोषण, कृषि, जल संसाधन, कृत्रिम गभार्धान, सूक्ष्म सिंचाई, एवं 15 से 29 साल के युवाओं को कम या अधिक अवधि के प्रशिक्षण के संबंध में समीक्षा की गई।स्वास्थ्य एवं पोषण में पन्दह का सबसे अच्छा, जबकि रसड़ा का प्रदर्शन अच्छा न होने पर रसड़ा के सीएम फेलो से खराब प्रदर्शन का कारण पूछा गया तो उसने बताया कि सैम एवं मैम की वजह से प्रदर्शन खराब हुआ इसमें बच्चों की ऊंचाई और भार का मापन अभी नहीं हो पाया है।

इस पर जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्डों के सीएम फेलो को इस क्षेत्र में सुधार करने के निर्देश दिये कृषि/ जल संसाधन की समीक्षा के दौरान कृषि क्षेत्र में जिला कृषि अधिकारी को खरीफ फसल की बीमा में प्रगति लाने के निर्देश दिए । सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के सभी सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किसान तथा निजी क्षेत्र में इस सिंचाई का प्रयोग करने वाले किसानों का समस्त डाटा एटीएम एवं वीटीएम के माध्यम से इकट्ठा कर पोर्टल पर अपलोड करें।पशुओं के कृत्रिम गभार्धान में प्रगति लाने के लिए जिला पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया। वित्तीय समावेशन में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,एवं अटल पेंशन योजना को अभियान चला कर एलडीएम को लाभार्थियों की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

## चिंता: गोपाल नगर टाड़ी में सरयू नदी के उफान से उपजाऊ खेतों का कटान जारी

♦पूर्व में कटान से प्रभावित पीड़ितों की स्थिति अभी भी दयनीय



**केटी न्यूज/ बैरिया**

सुरेमनपुर उत्तरी दियराचंल के गोपाल नगर टाड़ी में बृहस्पतिवार को अपराह्न 4 बजे के लगभग सरयू नदी का कटान रुक रुक कर हो रहा है। कटान का रुख अब फसल लगे उपजाऊ खेतों के तरफ हो गया है। कटान पीड़ितो का कहना है कि बाढ़ विभाग फ्लड फाइटिंग के मद से बम्बू क्रेट विधि से कटानरोधी कार्य करा कर सरकारी धन का बन्दरबांट करने मे लगा हुआ है। बाढ़ विभाग को कटान रोकने व कटान पीडितो से कोई लेना देना नही है। पूर्व में कटान से प्रभावित होने वाले कटान पीड़ितों की स्थिति बहुत ही दयनीय है। कटान से अपना घर गवा चुके तथा कटान के निशाने पर के गोपाल नगर टाड़ी के कई परिवार दियराचंल के कई स्थानो पर अपने परिवार व माल मवेशियो के साथ खाना बदोश का जीवन यापन कर रहे है।

सरयू नदी का तेवर इतना तल्ख है कि शिवाल मठिया मल्लाह बस्ती के काफी समीप तक खेतों में कटान हो रहा है। वहां पर उपजाऊ भूमि रोज ही कटकर घाघरा नदी में विलीन हो रही है। अभी तक दो दर्जन किसानों के लगभग 100 एकड़ से अधिक जमीन सरयू में विलीन हो चुकी है। कुल मिलाकर घाघरा के तेवर से दियराचंल के लोग सहमे हुए हैं।

कल तक पक्के मकान में रहने वाले सुरेश यादव, अनिल यादव, जितेंद्र यादव व लालपति यादव आदि अब गोपाल नगर बालू पर उधार की जमीन लेकर जैसे तैसे अपने मड़हे लगा रहे हैं। इस इस मड़हे में अपने परिवार व माल मवेशियो के साथ गुजर बसर कर रहे हैं। इस बाबत तहसीलदार सुदर्शन कुमार से पूछने पर बताया कि लेखपाल को लगाया गया है।नुकसान का जायजा लिया जा रहा है। गोपाल नगर टाड़ी में घाघरा नदी के कटान से जितना नुकसान हुआ है।उसका मुआवजा शीघ्र वितरित कराया जाएगा। तहसील प्रशासन कटान पर निगाह बनाए हुए हैं। वही गोपाल नगर के निवासी, काश्तकार तथा बैरिया तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव अधिवक्ता ने बताया कि बाढ़ विभाग करोड़ों रुपया कटान रोधी कार्य के लिए खर्च कर रहा है। लेकिन गोपाल नगर के लोगों को इससे कोई भी लाभ नहीं मिल पा रहा है। जमीन व मकान का तो लगातार छति हो ही रहा है।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ बलिया**



शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी को गायत्री मंदिर पुलिया के पास से गुरुवार की सुबह 7 बजे गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गौतम हरिजन पुत्र श्याम बिहारी हरिजन निवासी बिगही थाना सतवार बताया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गायत्री मंदिर पुलिया के पास एक आरोपी चोरी की बाइक लेकर खड़ा है, तभी पुलिस मौके पर जाकर गौतम हरिजन को दबोच लिया। पूछताछ में गौतम हरिजन ने बताया कि बाइक उसकी नहीं है चोरी की है, कब्जे से नीले रंग की अपाची बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी गौतम हरिजन को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

## आप ने कलेक्ट्रेट के समक्ष किया जोरदार प्रदर्शन

♦सीएजी रिपोर्ट की जांच करने की मांग

**केटी न्यूज/ बलिया**




सीएजी रिपोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा किए गए घोटालों की जांच मांग को लेकर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार की दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। सीएजी रिपोर्ट में जिन बिंदुओं को उजागर किया गया, उसमें से द्वारका एक्सप्रेसवे 18 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर बनना था, लेकिन भाजपा सरकार द्वारा उसमें 250 करोड़ रुपए एक किलोमीटर के लिए खर्च किया गया है। इतना ही नहीं राम नगरी में अयोध्या डेवलपमेंट अथॉरिटी के लिए ब्लैक लिस्टेड ठेकेदारों को ठेका देकर 19 करोड़ 73 लाख का जो घोटाला किया गया उसकी भी जांच की जाए। कहा कि यदि जल्द से जल्द जांच नहीं की गई तो आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।










## खबरें फटाफट

### केंद्र सरकार के महाघोटाले के विरोध में "आप" ने किया विरोध प्रदर्शन

**गाजीपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को सरजू पांडेय पार्क में केंद्र सरकार के महाघोटाले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और राजपत्रित अधिकारी को पत्रक सौंपा। इस दौरान जिला प्रभारी रामेश्वरी सोनकर व आप जिलाध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि प्रधानमंत्री कहते थे र्न खाऊँगा, न खाने दूंगा इस कथन में कितनी सच्चाई है। यह सरकार महाघोटालेबाजों की सरकार है। महिला विंग जिलाध्यक्ष रीमा चौधरी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार में महिलाओं के साथ अत्याचार लगातार बढ़ती जा रही है। जिला उपाध्यक्ष जावेद अहमद व जिला सचिव अजय सिंह ने कहा कि सरकार को केवल मन की बात नहीं करनी चाहिए, काम की भी बात करनी चाहिए।

### हर घर नल से जल योजना में लापरवाही पर एक्सईएन निलंबित

**पीडीडीयू नगर(चंदौली)।** हर घर को नल से जल योजना में लापरवाही और भ्रष्टाचार की शिकायत पर जल निगम के एक्सईएन को निलंबित कर दिया गया है। शासन स्तर पर जल निगम के एक्सईएन अमन यादव के निलंबन की खबर से जिले में खलबली मची है। एक्सईएन के निलंबन की कार्रवाई उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक डॉ. बलकार सिंह ने किया है। आरोप है कि चंदौली में संचालित जल जीवन मिशन के तहत हर घर को नल से जल योजना में एक्सईएन ने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लापरवाही की है । इसके चलते मामला शासन तक पहुंचने के बाद उन्हें निलंबित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक के साथ व्यापारी, उद्यमियों के सुरक्षा सम्बन्धित बैठक आयोजित

# एसपी ने व्यापारियों की समस्याएं सुनी, दिया समाधान का आश्वासन

**केटी न्यूज/ चंदौली**



जिला व्यापारी एवं उद्यमियों की बैठक पुलिस लाइन चंदौली के सभागार मे गुरुवार को दिन में एक बजे पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में जिलाउद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष चंदौली लक्ष्मीकांत अग्रहरी की उपस्थिति मे सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त कस्बा अध्यक्ष, महामंत्री तथा पदाधिकारी उपस्थित रहे। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक का सर्व प्रथम करतल ध्वनि से स्वागत कर सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर नये पुलिस अधीक्षक का स्वागत किया गया ।जनपद के सभी कस्बों,नगरों से आये व्यापारी अपनी-अपनी समस्याएं पुलिस अधीक्षक के सम्मुख रखी। कमालपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष शंकर गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक को कमालपुर चौकी इंचार्ज सुग्रीव प्रसाद गुप्ता को 15 अगस्त पर उत्कृष्ट पुरस्कार देने पर आभार प्रकट किया।

इसके बाद 7 अगस्त कोधीना थाना क्षेत्र कस्बा कमालपुरनिवासी फुलझरी डोम कीहाई मास्ट लाइट में उतरे करेंट से चार सूअरों की मृत्यु की जानकारी, जर्जर विद्युत केविल, सरकारी रोडवेज बस, महिलाओं द्वारा लिखित शिकायत या फोन करके आप को अवगत कराती हैं और आप त्वरित कार्रवाई के लिए सम्बंधित थानाध्यक्ष को आदेशित करते हैं जिससे बिना जाँच किये आपके त्वरित आदेश पर भोली भाली जनता प्रताड़ित होती है । बिना साक्ष्य व जांच किये किसी को न फंसाया जाय। पीडब्लूडी द्वारा आरसीसी रोड के दोनों तरफ पटरी बनाने आदि के बारे मे लिखित प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को दिया गया।

## भाजपा चलाएगी वोटर चेतना महा अभियान

**चंदौली।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में बृहस्पतिवार को हुई। इसमें वोटर चेतना महा अभियान कार्यशाला हुई। इसमें मतदाता सूची में नाम जोड़ने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्रदेश मंत्री एवं जिला प्रभारी मीना चौबे ने कहा कि हर बूथ पर मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चल रहा है। उसमें नया वोटर जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो मतदाता बन सकते हैं। युवा महिला मतदाता वोटरों को सबसे अधिक ध्यान रखना है और इस अभियान में जिन कार्यकताओं को लगाया गया है,वे मतदाता सूची का निरीक्षण करके वोटरों के नाम बढ़ाने का कार्य करें। घर-घर संपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर नए वोटरों को जागरूक करने का भी कार्य करें। जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सिंह ने कहा कि फॉर्म 6 में अपनी प्रविष्टियों भरकर तथा उसके साथ एक फोटो पता का पहचान पत्र आयु का प्रमाण पत्र लगाकर मतदाता बन सकते हैं।

## पाइप स्लोटिंग मशीन का अमेरिका से निर्यात



**चंदौली।** रामनगर औद्योगिक क्षेत्र की औद्योगिक ईकाइयां सफलता की नई इबारत लिख रही हैं। अब आयरन वर्क्स की बनाई पाइल स्लोटिंग मशीन का निर्यात अमेरिका किया जा रहा है। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने पाइप स्लोटिंग मशीन से लदे ट्रक को हरी झंडी दिखाकर अमेरिका के लिए रवाना किया गया। इस दौरान अमेरिका को चंदौली के औद्योगिक क्षेत्र से मशीन निर्यात को बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने उद्यमियों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बाद में डीएम ने औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों का भ्रमण किया और यहां की समस्याओं के समाधान का भी आश्वासन दिया।

रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज वन में स्थित प्रकाश आयरन वर्क्स की ओर से निर्मित पाइप स्लोटिंग मशीन का निर्यात अमेरिका किया जा रहा है। निर्यात किए जा रहे मशीन लदे ट्रक को हरी झंडी दिखाते हुए डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि दूसरे देशों में मशीन का निर्यात किया जाना बड़ी उपलब्धि है। अन्य देशों में मशीनों को निर्यात करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यदि इसके लिए किसी भी तरह की मदद जिला प्रशासन से चाहिए तो जिला प्रशासन उद्यमियों की हर संभव मदद के लिए सदैव तत्पर है।

## हिदुस्तान का मून मिशन चंद्रयान-3 : टीम के हिस्सा रहे गाजीपुर के युवा वैज्ञानिक कमलेश

- चंद्रयान-3 की सफलता में गाजीपुर व मिजार्पुर के दो युवा वैज्ञानिक भी

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**




पूरी दुनिया को सालों से जिस पल का बेसब्री से इंतजार था, वह आखिरकार आ ही गया और सपने भी साकार हुए। वैज्ञानिकों ने अपनी मातृभूमि को बेसकीमती तोहफा दिया और पूरे देश में लोग खुशी से नाचने लगे। इस बीच पूर्वांचल के गाजीपुर जनपद के रेवतीपुर गांव में भी खुशी का नजारा कुछ अलग ही था। भारत का मून मिशन चंद्रयान-3 जब बुधवार की शाम छह बजकर चार मिनट पर चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचा तो इस मिशन में अपनी भूमिका निभाने वाले रेवतीपुर गांव के युवा वैज्ञानिक कमलेश शर्मा की खूब सराहना की गई और गांव में दोहरी खुशी मनाई। बता दें कि भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। इसके साथ ही चांद पर उतरने वाला भारत चौथा देश है। चांद की सतह को छूने वाले चंद्रयान-3 की सफलता में पूर्वांचल के दो युवा वैज्ञानिकों का नाम इतिहास के पन्नों में शामिल हो गया। गाजीपुर जिले के रेवतीपुर निवासी कमलेश शर्मा और मिजार्पुर के युवा वैज्ञानिक आलोक कुमार पांडेय चंद्रयान-3 की टीम का हिस्सा हैं। इस मिशन की सफलता के बाद दोनों खासे उत्साहित हैं। इनका कहना है कि यह गौरव के क्षण है। चंद्रयान-3 चंद्रमा की धरती पर उतारने के साथ ही सिग्नल के माध्यम से संपर्क स्थापित करने की जिम्मेदारी आलोक के कंधों पर ही थी।

## केंद्र सरकार के खिलाफ आप के कार्यकताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

**चंदौली।** आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के विरोध में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। सरकार के विरोध में जमकर नारेबाजी की और मांगों संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि देश की जनता के पैसों का खुला भ्रष्टाचार हुआ हैं, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसी प्रकार की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की बात नहीं की जा रही हैं। कैग रिपोर्ट में द्वारका एक्सप्रेसवे का प्रोजेक्ट 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर की लागत के हिसाब से बनाना था लेकिन मोदी सरकार द्वारा 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर में बनने वाली सड़क को 250 करोड रुपए प्रति किलोमीटर कर दिया गया, जो कि बडा भ्रष्टाचार है।

## जल जीवन मिशन के तहत संगीतमय नुक्कड़ नाटक व स्टॉल का आयोजन

- रेवतीपुर ब्लाक में राज्य पेयजल व स्वच्छता मिशन के तहत एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**




रेवतीपुर ब्लाक मुख्यालय परिसर में बृहस्पतिवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे और प्रदेश जलापूर्ति विभाग के तत्वावधान में एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान जल जीवन मिशन को लेकर स्टाल, संगीतमय नुक्कड नाटक, गावों का रंगोली के जरिए प्रतीकात्मक डेमो के बना लोगों को इसके प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अजिताभ राय राहुल ने कहा कि हर घर जल नल योजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। कहा कि लोगों के घरों तक स्वच्छ व शुद्ध जलापूर्ति हो इसके लिए सरकार पूरी तरह से गंभीर है।उन्होनें कहा कि पंचायतों में लोगों को शुद्ध व सुरक्षित पेयजल और जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों एकजुट होकर काम करना होगा। कहा कि नौ गतिविधि कार्यक्रम के तहत आए दिन कार्यक्रम आयोजित होते रहते है। कार्यक्रम के तहत अलग -अलग दिनों में ब्लाक स्तर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला होगी।












## घोसी विधानसभा उप निर्वाचन : चुनाव को लेकर बढ़ी सरगर्मी

# प्रदेश में कोई यादव अब कभी नहीं बन सकता मुख्यमंत्री : ओमप्रकाश

**केटी न्यूज/ मऊ**

घोसी विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के लिए प्रचार करने पहुंचे सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने एक बड़ा दावा कर डाला. उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि अब यूपी में कोई यादव कभी मुख्यमंत्री नहीं बन सकता, क्योंकि अखिलेश यादव ने ऐसा बीज बो दिया है. साथ ही उन्होंने सपा एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य को दगा हुआ कारतूस बता दिया। दरअसल, उत्तर प्रदेश के मऊ के घोसी विधानसभा उपचुनाव में दारा सिंह चौहान बीजेपी के प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगने के लिए ओमप्रकाश राजभर जगह-जगह चौपाल कर रहे हैं और अखिलेश यादव को घेर रहे हैं. इसी क्रम में उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कहा रहा हूं उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव ने वह बीज बो दिया है, जिसके बाद कभी कोई यादव मुख्यमंत्री नहीं बन सकता. राजभर ने कहा कि अब अखिलेश यादव तब सरकार में आ सकते हैं जब वे किसी



खटीक, मौर्या, बिंद, चैहान, निषाद या राजभर को मुख्यमंत्री बनाते हैं। एक सवाल के जवाब में कि अगर अखिलेश उन्हें मुख्यमंत्री बनाएं तो क्या वे बनेंगे। राजभर ने कहा कि कौन जाएगा वहां पर लात खाने के लिए. उन्होंने अखिलेश यादव की चुनौती भी दे दी और कहा कि एसी से बाहर निकलें और 2 सितंबर को ही हार-जीत का फैसला हो जाएगा. स्वामी प्रसाद मौर्य को लेकर पूछे गए सवाल पर राजभर ने कहा कि वे देगा हुआ कारतूस हैं. देखा नहीं सपा वालों ने उनपर भी जूता चला दिया. गौरतलब है कि 2022 में सपा से गठबंधन कर राजभर ने चुनाव लड़ा था. लेकिन परिणाम आने के बाद उन्होंने गठबंधन तोड़ दिया था।

## 40 स्टार प्रचारक घोसी उपचुनाव में दारा सिंह चौहान की जीत के लिए करेंगे प्रचार-प्रसार

**मऊ।** घोसी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी दारा सिंह चौहान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित 40 स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार करेंगे। पार्टी ने उप चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह, राधा मोहन दास अग्रवाल को स्टार प्रचारक बनाया गया है। प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, बेबी रानी मौर्य, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, अनिल राजभर, अरविंद कुमार शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, धर्मवीर प्रजापति, रवींद्र जायसवाल, गिरीश यादव, असीम अरुण, दयाशंकर सिंह, दयाशंकर मिश्रा दयालु, नरेंद्र कश्यप को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया है।राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, दानिश आजाद अंसारी, राकेश राठौर गुरू, केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी, कौशल किशोर, सांसद दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ को भी स्टार प्रचारक बनाया है।

## उड़न दस्ता एवं स्टेटिक टीम की बढ़ेगी संख्या

**मऊ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री राम विश्नोई द्वारा 354 घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के दृष्टिगत जनसभा एवं रैली स्थलों का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही सड़क पर चल रहे वाहनों को भी चेक किया गया। व्यय प्रेक्षक द्वारा स्टेटिक टीम का निरीक्षण कर चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान फील्ड में स्टेटिक टीम एवं उड़न दस्ता टीम उपस्थित पाए गए।

## भाजपा नेता के पिता की पुण्यतिथि पर जुटे दिग्गज, श्रद्धांजलि सभा में टूटी दलीय सीमाएं

**केटी न्यूज/ मऊ**

परदहां ब्लॉक क्षेत्र के बगली पिजड़ा (नियामतपुर) निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष व वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी के नेता रमेश दुबे के पिता की पुण्यतिथि आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाजपा, बसपा व सपा के तमाम दिग्गज नेता सिरकत करते दिखे। इस क्रम में सदस्य विधान परिषद व पूर्व मंत्री यशवंत सिंह, सदस्य विधान परिषद् विक्रांत सिंह रिशु, विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष भानू प्रकाश पाण्डेय, बसपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र मिश्रा, भाजयुमो रानीपुर मण्डल के मण्डल अध्यक्ष पंकज सिंह, भाजपा खुरहट मण्डल के मण्डल



उपाध्यक्ष अर्पित उपाध्याय, कृष्णपाल द्विवेदी, संजीव द्विवेदी, संजय पाण्डेय, अभिमन्यु दुबे, कवि पंकज प्रखर, भास्कर दुबे, मानस तिवारी, मनीष तिवारी आदि मौजूद रहें।

## खेत में काम कर रहे युवक की सर्पदंश से मौत, मचा कोहराम

**मऊ ।** कोपागंज थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में खेत में काम कर रहे एक युवक को सर्प ने काट लिया जिसकी शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जाता है कि अवनीश यादव उर्फ अनुज यादव पुत्र संजय यादव 16 वर्ष निवासी हसनपुर थाना कोपागंज मंगलवार की शाम अपने खेत में पानी चलाने के लिए गया हुआ था और जब घर वाले भी पीछे-पीछे खेत पर पहुंचे तो देखा कि अवनीश यादव के मुंह से झाग निकल रहा था। परिजनों ने तुरंत आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां उसकी हालत को गंभीर देख चिकित्सक ने मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने जनपद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां बुधवार और गुरुवार की मध्य रात्रि इलाज के दौरान मौत हो गई।परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।





